एफ. सं. 15-1/2012-एनएमए (सी-16196)

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली- 110001

दिनांक: 03.07.2024

रिक्ति परिपत्र

संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, बेंगलुरू में स्थित क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण) और सक्षम प्राधिकारी (कर्नाटक और तमिलनाडु) के कार्यालय में एक परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद्) को प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए जिसे प्रदर्शन के आधार पर तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, इच्छुक और पात्र आवेदकों से अनुबंध के आधार पर अनुबंधित करना चाहता है:-

पदों की संख्या	पात्रता मानदंड	आयु	पारिश्रमिक
1 (एक)	**1. योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वास्तुकला में स्नातकोत्तर/स्नातक की डिग्री या समकक्ष और संरक्षण प्रथाओं का क्षेत्र अनुभव। **2. अनुभव:** (i) ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों पर काम करने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव। (ii) विरासत स्थलों और संस्मारकों के लिए स्थल प्रबंधन योजना तैयार करने का अनुभव। (iii) ऐतिहासिक इमारतों के दस्तावेज़ीकरण और स्थिति के आकलन का अनुभव। (iv) ऐतिहासिक निर्माण सामग्री और तकनीक का ज्ञान। (v) धरोहर उप-विधि तैयार करना। (vi) ई-ऑफिस और एमएस ऑफिस के बारे में ज्ञान।	अधिकतम आयु-आवेदन की अंतिम तिथि को 50 वर्ष।	अनुभव के अनुसार: न्यूनतम 50000/- रु. अधिकतम 70000/- रु.

2. परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद्) का **कार्यक्षेत्र** निम्नानुसार है:

(i) विरासत निकायों/एजेंसियों से प्राप्त भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के दक्षिणी क्षेत्र के अंतर्गत संस्मारकों के संबंध में धरोहर उप-विधियों की जांच और प्रासेसिंग।

(ii) धरोहर उप-विधि तैयार करना।

(iii) एचबीएल (अंग्रेजी) का संकलन कार्य।

(iv) एचबीएल का संपादन कार्य।

(v) सक्षम प्राधिकारी, एनएमए और धरोहर उप-विधि तैयार करने में शामिल विरासत निकायों/एजेंसियों के साथ समन्वय करना

(vi) एएसआई/विरासत निकाय/एजेंसी से प्राप्त होने के बाद एचबीएल की जांच।

(vii) एचबीएल की प्रोसेसिंग के लिए बैठक आयोजित करना, ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त रिकॉर्ड करना।

(viii) सार्वजनिक सूचना और हितधारकों के परामर्श के लिए एचबीएल को वेबसाइट पर अपलोड करना।

(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

3. नियुक्ति की शर्तें और नियम: संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) में परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार **(अनुलग्नक-क)**।

4. आवेदन प्रस्तुत करना: निर्धारित प्रारूप में आवेदन **05.08.2024** तक क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण) एवं सक्षम प्राधिकारी (कर्नाटक और तमिलनाडु), एएसआई, बेंगलुरु, क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण) का कार्यालस, केएसआईएमसी बिल्डिंग, राजाजी नगर, औद्योगिक क्षेत्र बेंगलुरु-560010 या ईमेल: rdsouth.asi@gmail.com पर पहुंच जाने चाहिए। ईमेल में विषय में स्पष्ट रूप से "आवेदक के नाम के संबंध में परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद्) के पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सव्यसाची मारवाह

(कर्नल सव्यसाची मारवाहा)
निदेशक, एनएमए

सेवा में

1. संस्कृति मंत्रालय- [ध्यानार्थ: संयुक्त सचिव (प्रशासन)/एएसआई/एनएमए]
2. महानिदेशक (एएसआई), धरोहर भवन, नई दिल्ली।
3. क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण) एवं सक्षम प्राधिकारी (कर्नाटक और तमिलनाडु), एएसआई, बेंगलुरु